तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 अगस्त 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला


## खबर संक्षेप

### जिपं संसाधन केंद्र नवीन भवन का लोकार्पण आज

**बिलाईगढ़।** मुख्य अतिथि ओपी चौधरी मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन वित्त वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, विशिष्ट अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े उपस्थिति में जिला पंचायत संसाधन केंद्र नवीन भवन सारंगढ़ का लोकार्पण खेलभांठा मैदान के पास 27 अगस्त को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह को भी इस समारोह मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कलेक्टर धर्मेंद्र साहू ने जनप्रतिनिधियों सहित सभी नागरिकों को इस भवन के लोकार्पण समारोह के लिए आमंत्रित किया है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में शीघ्र ही जिला पंचायत का गठन होगा। जिला पंचायत के अस्तित्व में आने के पूर्व जिला पंचायत संसाधन केंद्र नवीन भवन सारंगढ़ का लोकार्पण होने जा रहा है।

### दिनभर चला धूप-छांव और बारिश का दौर, भादो में सुस्त पड़ा मानसून

**बलौदाबाजार।** अंचल में शुक्रवार को दिनभर कभी धूप कभी छांव तो कभी बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार एक निम्न दाब और चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से गुरुवार से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। शुक्रवार को भी यहीं स्थिति बनी रही है। और सुबह के वक्त छाए बादल हल्के रुप में बरसते रहे। दिन चढ़ने के बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल गई। इसके बाद शाम होते ही फिर बाद छाए, जो काफी देर तक बरसते रहे।
मानसून का सिस्टम कमजोर होने से बारिश की गतिविधियों में कमी आने के संकेत मिल है। ऐसे में भादों महीने में अल्पवर्षा का दौर बने रहने की संभावना दिखाई दे रहीं है। हालांकि तापमान के कुछ गिरावट संभव है। अंचल का अधिकतम पारा 31 डिग्री से कुछ नीचे आ सकता है।

# जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की झांकी मंदिरों और घर-घर में सजाकर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। सोमवार को यह पर्व श्रद्धाभक्ति के साथ मनाई गई। घर एवं मंदिरो में देर रात भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाकर खुशियां बांटी गयी। साथ ही जगह जगह विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जन्माष्टमी पर्व मनाए जाने के लिए लोगो ने जहां अपने अपने घरों में व्यापक तैयारी की है। वहीं मंदिर, देवालयो में भी साज–सजावट कर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मोत्सव मनाए जाने की तैयारी की गई थी। वही पर्व को लेकर सोमवार को बाजार में श्रीकृष्ण की मूर्तिया, पोशाक, झूले एवं साज–सजावट के सामाग्रीयो की दुकाने सजी रही। बड़ी संख्या में लोग कान्हा की प्रतिमा गाजे बाजे के साथ रैली निकालकर स्थापना की एवं देर रात तक विधि विधान से पूजा अर्चना सपंन्न हुआ।



### निकाली पालकी यात्रा

सोमवार को दोपहर बाद सर्व यादव समाज द्वारा बाईक रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगो की उपस्थिति रही। इसके अलावा जगह जगह भंडारा की तैयारी भी की गई थी। देर रात विभिन्न मंदिरो में भगवान श्रीकृष्ण की पालकी स्थापना के बाद पूजा अर्चना चलती रही।

### स्कूलों से निकाली झांकी

नगर के विद्यालयो में बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण एवं राधारानी का भेष धारण कर उनके लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। जहां बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आये वहीं विद्यालयो द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था।



## फोड़ी गई माखन-मटकी और की पूजा-अर्चना

**कसडोल।** श्रीकृष्ण जनमाष्टमी पर सोमवार को नगर में करीब 20 से अधिक स्थानों पर माखन मटकी फोड़ी गई। मोक्ष दही हांडी समिति के तत्वावधान में नगर में मटकी फोड़ का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष सूर्या साहू ने बताया कि मटकी फोड़ आयोजन में सभी सदस्य लाल वस्त्र धारण किए हुए हैं। समिति के सदस्यों द्वारा 20 अलग-अलग स्थानों पर माखन मटकी फोड़ी गई है। जिसमें सभी नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा वार्ड नम्बर 03 इंदिरा कॉलोनी में युवाओं द्वारा जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मेन रोड, गायत्री चौक, बगदेवी पारा होते हुए महामाया पारा, बजरंग चौक, सदर बाजार, चंडी पारा होते हुए डीजे के हर्षोल्लास के नगर भ्रमण किया गया। मटकी फोड़ में मोक्ष दही हांडी समिति अध्यक्ष सूर्या साहू, उपाध्यक्ष राहुल यादव, सदस्य अनुराग साहू, राजकुमार यादव, प्रतीक राव, मोन्टी यादव, शनि यादव, शिवा राव, राजा यादव, जीतू साहू, नंनकी यादव, राहुल रेहान सहित वार्ड नंबर 3 से चंदन जायसवाल उपस्थित रहे।



■ धूमधाम से मोक्ष दही हांडी समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा

## अंचल में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी क्षेत्र अंतर्गत भवानीपुर, खपरी, तमोरी, भरूवाडिह गिधपुरी, हरिनभट्ठा, साहडा, रिवाडीह, बम्हनी, चरौदा, मोहान में कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण प्रतिमा की विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण की झांकी सजाकर कर ग्राम भ्रमण पर निकले। ग्रामीण द्वारा जगह–जगह गुलाल श्रीफल पुष्पहार से स्वागत किया गया। युवाओं द्वारा बस स्टैंड में मटका फोड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें बहुत से प्रतिभागियों ने भाग लिया। भवानीपुर रिवाड़ीह खपरी सहडा में यादव समाज के द्वारा जगह–जगह प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर संतोष साहू, मनीष साहू, पप्पू धुरव, गोपी ध्रुव, फनिश साहू, रोहित यादव, महावीर यादव, कलाराम यादव, नेतराम यादव, चुरावन यादव, जेठाराम यादव, भारत यादव, मानसिंह यादव, चिंतामणि यादव, यामू साहू, सोमचंद यादव, बंशीधर देवदास, गुरुदत्त चंद्रवंशी, मिलन राम साहू,जगदीश साहू,बुद्ध लाल, जागृति, विनीता, छाया यादव, द्वारका,समीर साहू, राजा, सूरज, नीलकंठ, भुनेश्वर, उषा, साहू, केवरा साहू, डोपेश साहू,घनश्याम यादव, यादबली यादव, त्रिलोचन यादव कुलदीप यादव, गुरु चरण यादव, सूर्यकांत यादव,घासीराम यादव, सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## कृष्ण जन्माष्टमी का उल्लास स्कूलों और क्षेत्र में जगह-जगह पर छलका

**हिरमी रावन।** सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा,ज्ञानोदय स्कूल हिरमी,रावन, के अलावा गावो की चौक चौराहे परश्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नन्हे बच्चे कृष्ण व राधा की पोशाकें पहन कर स्कूल पहुंचे। बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा की सुन्दर झांकियां निकाली। पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने सुंदर–सुंदर बांसूरियां बनाई। पांचवीं कक्षा के बच्चों ने श्री कृष्ण के जीवन से संबधित बहुत सुंदर नृत्य करके माहौल कृष्यमय कर दिया। बच्चों ने दही हांडी का भी सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए हांडी फोड़ी। स्कूल प्रिंसिपल के. आर. बघेल ने बताया कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते हैं। इस मौके पर ज्ञानोदय सुहेला में कक्षा एक से कक्षा आठ के छात्र–छात्रओं ने कक्ष के बाहर बोर्ड पर राधा कृष्ण तथा उनसे जुड़ी वस्तुओं के चित्र बनाकर अध्यापकों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं ज्ञानोदय शिशु मंदिर सुहेला के प्रधानाचार्य किरन बंजारे ने उपस्थित छात्र छात्रओं तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व से हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने तथा बिना किसी स्वार्थ के कर्म करने सहित समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने की प्रेरणा मिलती है । उन्होंने बताया कि कृष्ण के विषय में गुरू ग्रंथ साहिब में एक क्रिसनं सर्व देवा देव देवा त आत्मा लिखा है।



## राधा कृष्ण की झांकी निकाली ग्राम भ्रमण कर मटकी फोड़ी

**पवनी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनी के बालक बालिकाओं द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण का स्वरूप लेकर नगर भ्रमण किया गया।

इस दौरान स्कूल के बच्चों ने डीजे की धुन में स्कूल से रैली निकालकर गांव के बाड़ा चौक,बनिया चौक,राधकृष्ण मंदिर चौक,बजरंग चौक, यादव चौक, संतोष चौक, आजाद चौक, बाजार चौक,नाटक चौरा चौक,लोहार पारा, सदर पारा, बस स्टैंड आदि जगहों पर बच्चों द्वारा बने राधा कृष्ण की स्वरूप ने चौक चौराहे पर बंधी हुई सभी मटकियों को फोड़ा। बच्चियों द्वारा सभी चौक चौराहों में मनमोहक डांस प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर ग्रामवासी मंत्रमुग्ध हुए।














विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी आज मंगलवार को श्री राम सप्ताह कार्यक्रम के अंतिम दिन भाटापारा शहर में भव्य धार्मिक शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया है, जिसमें भाटापारा शहर एवं आसपास ग्रामों से काफी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचते हैं। राम सप्ताह कार्यक्रम में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भाटापारा शहर पुलिस बल द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है, जिसके तहत *संपूर्ण भाटापारा शहर, राम सप्ताह प्रमुख कार्यक्रम स्थल एवं शहर के प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर विजिबल पुलिसिंग के तहत पैदल एवं वाहन पेट्रोलिंग करते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम* किया गया है। राम सप्ताह कार्यक्रम के दौरान *श्रद्धालुओं एवं आम जनों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए भाटापारा शहर के चारों दिशाओं में वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल का चिन्हांकन भी किया* गया है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



























संकलनकर्ता : अभिषेक मिश्रा, संवाददाता हरिभूमि, भाटापारा, मो.9090090107, 6264463895, 8319444412, अभिनव मिश्रा

## खबर संक्षेप







**रावन-हिरमी।** अंचल में आज जन्माष्टमी की धूम रही। गली-मोहल्लों से लेकर गांव-गांव में लोगों ने उत्साह के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया। बच्चों को कृष्ण वेशभूषा में सजा देख उत्सव का उमंग देखते ही बनता है...

### नीता व लोहिता के राधा रूप की हुई सराहना



**गिधौरी।** सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय शिवरीनारायण में अध्यरत्न गिधौरी निवासी दोनो बहन नन्ही बच्ची नीता खाण्डेकर एवं लोहिता खाण्डेकर ने कृष्ण जन्माष्टमी पर अनोखा वेशभूषा धारण राधा बनी।

### दावनबोड में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अभिनव यदु जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, एवं प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी रहे। आदिवासी समाज एवं अतिथियों द्वारा इष्टदेव बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। आदिवासी संस्कृति के प्रतीक नृत्यों को बेहद ही मनमोहक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश ध्रुव जनपद सभापति,विशेष अतिथि के रूप में क्रमशः समाज प्रमुख मनोहर लाल मंडावीउपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, भानु नेताम सचिव सर्व आदिवासी समाज,जगदीश छेवईहा अध्यक्ष ब्लॉक भाटापारा,यमन मंडावी कार्यकारणी सदस्य सर्व आदिवासी समाज,हेमंत नेताम कार्यकारणी सदस्य,मनोहर लाल मंडावी उपाध्यक्ष सर्व अदिवासी समाज बलौदाबाजार,जनक राम ध्रुव रायपंच,रामाधार ध्रुव पूर्व मंत्री टिकुलिया चक,धमक राम ध्रुव पूर्व दीवान टिकुलिया चक,निहाली ध्रुव,विष्णु ध्रुव,अमर सिंह ध्रुव, रोमनाथ ध्रुव,सचिव टिकुलिया चक,तिजुराम ध्रुव,नोहर सिंह ध्रुव,अमृतमलाल ध्रुव,प्रकाश ध्रुव सहित समाज व ग्राम के लोग उपस्थित रहे।

**तैयारी:** राम सप्ताह कार्यक्रम में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध के लिए पुलिस कर रही पेट्रोलिंग

# रामनाम सप्ताह में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ समापन पर आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर में चल रहे राम सप्ताह कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की भीड़ आ रही है। श्रद्धालु एवं आमजन दर्शन करने आ रहे हैं। 27 अगस्त को शहर में चल रहे भव्य राम सप्ताह कार्यक्रम के अंतिम दिन धार्मिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें शहर एवं आसपास ग्रामों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेने पहुंचेंगे हैं। राम सप्ताह कार्यक्रम में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। यातायात व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बैठकें की जा रहीं हैं। साथ ही शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अब तक 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

■ व्यवस्था के लिए भाटापारा ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों की ली बैठक

शहर में 20 अगस्त से भाटापारा शहर में राम सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें प्रतिदिन काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही मंगलवार को राम सप्ताह कार्यक्रम के अंतिम दिन भाटापारा शहर में भव्य धार्मिक शोभायात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। भाटापारा शहर एवं आसपास ग्रामों से काफी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचते हैं। राम सप्ताह कार्यक्रम में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भाटापारा शहर पुलिस बल द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। जिसके तहत संपूर्ण भाटापारा शहर, राम सप्ताह प्रमुख कार्यक्रम स्थल एवं शहर के प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर विजिबल पुलिसिंग के तहत पैदल एवं वाहन पेट्रोलिंग करते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किया जा रहा है। राम सप्ताह कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम जनों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए भाटापारा शहर के चारों दिशाओं में वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल का चिन्हांकन भी किया गया है।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान सुगम, सुव्यवस्थित मार्ग एवं यातायात व्यवस्था के लिए 25 अगस्त को भाटापारा ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें भाटापारा शहर के अंदर एवं अन्य प्रमुख सड़क मार्ग में वाहनों की आवाजाही पूर्णतः निषेध करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### शांति व्यवस्था बाधित करने वाले अब तक 21 गिरफ्तार

इसके साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में 26 अगस्त तक स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी सहित लड़ाई-झगड़ा एवं वाद विवाद करने वाले असामाजिक तत्वों सहित कुल 21 आरोपियों को पकड़ते हुए उन सबके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई भी की गई है।

# गुरु बालकदास जन्मोत्सव में भुइया लोट करते पहुंचे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



विश्व प्रसिद्ध संत बाबा गुरू घासीदास बाबाजी जी की जन्मभूमि एवं तपोभूमि में गिरौदपुरी धाम में सोमवार को गुरू बालकदास जी की धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया । भारी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों का रेलमपेल भीड जुटी रही। और श्रद्धालु मेन गेट से भुईयां लोट मारते हुए मंदिर पहुंचे हुए थे प्रशासन की चाक चौबंद के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ।जिसमें संत बाबा गुरूघासीदास जी द्वितीय पुत्र गुरू बालक दास का जन्म भादो महिना के कृष्ण पक्ष के अष्टमी दिन हुआ था। और गुरु बालकदास सामाजिक बुराईयों को दुर कर समाज को दिशा देने में लगे थे जिसके लिए महंत राजमहंत, दीवान, भंडारी, साटीदार आदि पद बनाकर सतमार्ग पर चलाने के लिये सामाजिक नियम पर चलने के लिए अनवरत कार्य करते रहे। गुरु वंशावली की गरिमा को बनाये रखते हुए गुरूजी के अनुयायियो को एकजुट करने सफल हुए।गुरु बालकदास रामत के रुप में गाडी ,घोडा ,हाथी के साथ अपने महंतों ,दीवानी को लेकर निकलते थे समाज सुधार के साथ समाजिक न्याय भी करते थे और अभियुक्त को दंड भी दिया करते थे उन्होंने कुआं बोडसरा को अपना कार्य स्थल चूने गुरुजी का बहुतायत समय रामत घुमने में व्यतित हुआ। सोमवार को बालकदास जन्मोत्सव मनाने के लिए संपूर्ण मेला परिसर में पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु 07 पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित 200 की संख्या में पुलिस बल तैनात' किया गया है। इस दौरान संपूर्ण मेला परिसर को 04. मुख्य सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मेला स्थल में पहले सेक्टर में मुख्य मंदिर, जैतखाम, एवं इसके आसपास के स्थल शामिल है। दूसरे सेक्टर में गिरौदपुरी पहुंच मेनगेट, अमर गुफा स्थल एवं मेला परिसर के बाहरी एरिया का समावेश किया गया है। तीसरे सेक्टर में छाता पहाड़, पंचकुंडी एरिया को शामिल किया गया है। इन सभी सेक्टर में शांति व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। अंत में चौंथे सेक्टर में सबसे महत्वपूर्ण, संपूर्ण गिरौदपुरी मेला में यातायात, पार्किंग एवं समुचित मार्ग व्यवस्था को शामिल किया गया है। मेला स्थल में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मेला स्थल के आसपास पार्किंग स्थलों का चयन कर पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस बल की तैनाती किया गया था । साथ ही पुलिस की अलग–अलग पेट्रोलिंग पार्टीयों द्वारा संपूर्ण मेला परिसर में लगातार पेट्रोलिंग कर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किया गया।

■ संत बाबा गुरू घासीदास बाबाजी जी की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में मनाया गया जन्मोत्सव

# देवगांव में हुआ जिला स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव



**बिलाईगढ़।** जिला खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर देवगांव में किया गया। शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष रतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के अध्यक्ष मोहन नायक की अध्यक्षता में शिक्षण समिति के जिला पदाधिकारियों की विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। प्रतियोगिता में रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले के सभी विकासखण्डों के विजेता खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 300 प्रतिभागियों को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक,अध्यक्ष रतन शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. पटेल,विद्यालय के अध्यक्ष मोहन नायक,सरपंच मुरारी नायक सहित अन्य अतिथियों द्वारा ट्राफी,शील्ड,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

**इनकी रही सहभागिता :** इस अवसर पर सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति की ओर से जिलाध्यक्ष हरिशंकर नायक,जिला समन्वयक रेशमलाल,सचिव वीरेंद्र डेहरी, अरविन्द प्रधान, शर्मा, संस्था के प्रमुख श्रीराम नायक आदि की नियमित सहभागिता रही। आयोजन को सम्पन्न कराने में विद्यालय के अध्यक्ष मोहन नायक एवं प्राचार्य श्रीराम नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके कारण देवगांव को जिला स्तर के आयोजन के लिए चुना गया।

# पलारी महाविद्यालय में विद्यार्थी सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बीते दिवस बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में राजनीति विज्ञान विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा नवीन प्रवेशितों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष तुलसी पैकरा, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष कोमल देवांगन, हिंदी विभागाध्यक्ष लक्ष्मीकांत जलहरे, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष आत्माराम वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र खरे,अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ईशाग्या मेश्राम, राजनीति विज्ञान विभाग डॉ .कंचन गिलहरे, हिंदी विभाग लखेश्वरी साहू, अंग्रेजी विभाग सुमन द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पण तथा वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को आशीष वचन दिया गया। नवीन प्रवेशित छात्र छात्राओं के परिचय के साथ ही तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा सभी का स्वागत किया गया। कुर्सी दौड़ ,हास्यप्रद क्रीड़ाओ एवं ज्ञानप्रद सवालों के बाद विद्यार्थियों को उपहार तथा मिस्टर फ्रेशर एंड मिस फ्रेशर के उपाधि के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# डीएवी खम्हरिया ने क्लस्टर गेम्स में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक चिंतनशील व वंदनीय शिक्षण संस्थान डीएवी खम्हरिया बिलाईगढ़ में विद्यार्थियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का सिलसिला । बीते दिनों डीएवी पब्लिक स्कूल सोनाडीह में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024–2025 का क्लस्टर लेवल खेला गया जिसमें डीएवी खम्हरिया बिलाईगढ़ के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता और जोनल के लिए किया क्वालीफाई। डीएवी खम्हरिया बिलाईगढ़ के विद्यार्थी निखिल साहू ने अंडर 17 दौड़ में 200 मीटर और 400 मी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। स्वाति मोनिका, तृप्ति, चंद्रकला ने रिले रेस में गोल्ड मेडल तथा चंद्रकला साहू ने अंडर 17 में 100 मीटर दौड़ में ब्राउंस मेडल, श्रद्धा देवांगन ने अंदर 14 मे 200 मीटर दौड़, प्रांशु ने अंडर 17 में 100 मीटर दौड़, अमित साहू ने 200 मीटर दौड़ में क्रमशः ब्रांउंस ,सिल्वर तथा गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।योगेंद्र साहू तवा फेक तथा मोनिका साहू ने गोला फेक में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जोनल के लिए क्वालीफाई किया। मनोज ,नीलिमा , स्वाति ने लॉन्ग जंप में क्रमशः ब्राउन, सिल्वर तथा गोल्ड मेडल प्राप्त किया । योगा में काव्या ,दीपिका, अंजलि, श्रद्धा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया । खो –खो अंडर 17 विवेक ,अमित,योगेंद्र निखिल ,मनोज, प्रांशु, वरुण और साहिल ने टीम इस्पीरिट दिखाते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर डीएवी खम्हरिया बिलाईगढ़ को गौरव का क्षण प्रदान किया इसमें खेल शिक्षिका रिचा साहू एवं कमलेश कुमार सेन सर का विशेष योगदान रहा। डीएवी खम्हरिया के प्रभारी प्राचार्य श्री संदीप कुमार पटेल एवं शिक्षक मनोज रात्रे, सुरेश कुमार वर्मा , विश्वनाथ चंद्रा , प्रदीप कुमार, दीपिका जायसवाल , रामेश्वर साहू, सोनिया देवांगन, अंजू सागर, उमाशंकर साहू, वृंदा भास्कर, ज्योति साहू , कमलेश कुमार सेन, मीना पटेल, उषा श्रीवास, राजेश कुमार एवं रिचा साहू ने सभी विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए बधाई व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए ।

# अधिसूचना के बाद भी उप पंजीयक कार्यालय का नहीं हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के सबसे बड़ी आबादी वाले शहरी नगर भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय खोलने के राजपत्र अधिसूचना के बाद भी अभी तक भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय का उद्घाटन नहीं हो पाया है।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसार में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 121७2002 वा.क्र.पांच (13) दिनांक 17.1.2024 का अंग्रेजी अनुवाद कर राज्यपाल के प्राधिकरण से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है।साथ ही शासन द्वारा उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिए पुराना तहसील में खोलने के लिए जगह का चयन भी किया जा चुका है। राजपत्र अधिसूचना जारी के 7 माह बीतने के बाद भी अभी तक भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय का उद्घाटन नहीं हो पाया। जबकि भटगांव क्षेत्रवासियों द्वारा 20–25 वर्षोंर् से की जा रही मांग।अब जाकर क्षेत्रवासियों का सपना साकार हुआ है। लेकिन अभी तक कार्यालय नहीं खुल पाने से भटगांव क्षेत्रवासी अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। ज्ञात हो कि अभी तक विगत दिवस अगस्त में ही भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा बताया जा रहा था कि 20 अगस्त को उप पंजीयक कार्यालय का उद्घाटन होगा। उसके बाद 22 अगस्त को तब्दील कर दी गई।पर भी 22 अगस्त को कार्यालय का किन्हीं कारणों से उद्घाटन नहीं हो सका। यदि भटगांव क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए भाजपा सरकार द्वारा जल्द से जल्द कार्यालय का उद्घाटन कराया जाता है तो क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर देखने को मिलेगी।आपको बता दें कि भटगांव सरसीवां क्षेत्र में किसानों की संख्या अधिक होने के कारण एक मात्र उप पंजीयक कार्यालय बिलाईगढ पंजीयक संबंधित कार्योंर् के लिए 30–35 किलोमीटर का सफर करके जाना पड़ता है।

■ उप पंजीयक कार्यालय की आशा में भटगांव क्षेत्रवासी

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने राजस्व मंत्री वर्मा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शिक्षक संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षक संगठनों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण नियम के विरोध में ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में आज शिक्षक संघर्ष मोर्चा विकास खंड तिल्दा जिला रायपुर द्वारा मंत्री राजस्व एवं आपदा प्रबंधन टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। सासाहोली में आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर के लोकार्पण में आए मंत्री को 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन करने, आनलाइन अवकाश नियम में संशोधन, 2008 के शाला में शिक्षक सेटअप में परिवर्तित किए गए नियम में संशोधन, समस्त स्तर के शिक्षकों का प्रमोशन समय सीमा में पूर्ण करने की मांग रखी। शिक्षक एल बी संवर्ग के बहुत पुरानी एक सूत्रीय मांगपूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर,सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर, पुरानी पेंशन निर्धारित करें एवं 20 वर्ष की पुर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जाए। ऐसे विभिन्न विषयों को लेकर स्थानीय विधायक एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

### संतान की दीघायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत



**खरोरा।** खरोरा में माताओं ने संतान की दीर्घायु के लिए हलषष्ठी का व्रत रखकर पूजा- अर्चना की। मान्यता अनुसार इस व्रत को करने से जिस विवाहित महिलाओ की संतान नहीं हो रही है तो उसे संतान सुख होता है। जिनकी संतान है, उसके परिवार को खुशहाली मिलती है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को व्रत रखा जाता है। कथा के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था।

### धमनी में माताओं ने सुनी हलषष्ठी कथा



**पलारी।** विकास खंड पलारी अंतर्गत वनांचल ग्राम धमनी के स्कुल पारा रामायण चौक मे ग्रामवासी शिशूवती महिलाओं ने अपने पुत्र परिवार के कुशलता हेतु हलषष्ठी देवी कमरछठ के लिए उपवास रहकर सगरी बनाकर बरसते पानी में भी पुजा पाठ किए।तथ ध्यान से हलषष्टी कथा श्रवण किए।

## मां के नाम थीम पर आम और अमरूद के पौधे रोपे



**गोपालपुर।** शासन के महत्व कांक्षी पहल के तहत गोपालपुर के भक्तिन तालाब मे डी आर टण्डन ने मां के नाम एक पेड़ योजना के तहत आम एवं अमरुद के पेड़ तालाब पार में लगाएं। इन्होंने पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य है ज्ञात हो कि कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर इस पुनीत कार्य को किया गया है। अधिकांश हर खुशी के मौके पर पेड़ लगाते है एवं स्वच्छता अभियान मे विशेष ध्यान देते है आज दिन सार्वजनिक स्थानो को साफ सफाई करते है। सभी मानव समाज को पेड़ लगाने एवं सावजनीक स्थानों को ऐसे काम करने के वीनम्र पूर्व निवेदन करते है ताकि आने वाले पीड़ी को सीख मिले।

## रास्ता रोककर छेड़छाड़ की, आरोपी गिरफ्तार




**सुहेला।** पीड़िता द्वारा अपने परिजन के साथ थाना सुहेला आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पुत्री स्कूल में पढ़ाने जाने वक्त उसकी सहेली का बड़ा भैया कमलेश डिढी निवासी सेमराडीह पीछा करते हुए आया और रास्ता रोककर छेडने की नियत से मेरे मोबाइल नंबर में बार बार फोन कर परेशान कर बात करने का प्रयास करता था। साथ ही घर आकर गंदी गंदी गाली गलौज किया वही पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी कमलेश डीढी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 212७2024 धारा 296,74,78,126(2)351(2) पंजीबद्ध कर आरोपी को शीघ्र गिरफतार करने निर्देशित किया गया।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
•सिर दर्द (माईग्रेन)
•मिर्गी.लकवा
•ब्रेन ट्यूमर
•ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉल: 98271 43060/8871003060
Ajay 9827144371

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश,
श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024,
11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
02 मई से 16 मई 2024
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411